केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

जनकपुरी नई दिल्ली-110058

<u>अधिसूचना</u>

दिनांक:-01.11.2022

शिक्षाचार्य प्रथम वर्ष परामर्श/प्रवेश हेतु सूचना

शैक्षणिक सत्र 2022-23 के NTA के द्वारा आयोजित CUET परीक्षा के उपरान्त केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में शिक्षा-आचार्य कक्षा में प्रवेश हेतु जो आवेदन किये हैं उन आवेदकों की सूची निर्गत की जा रही है।

आवेदकों को सूचित किया जाता है कि प्रवेश हेतु परिसर आबंटन हेतु <u>दिनांक 04.11.2022 को प्रात: 11.00 बजे</u> ऑनलाईन माध्यम से परामर्श (Councelling) का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। परामर्श हेतु Google Meet/Zoom Link सम्बन्धित आवेदकों को ई-मेल पर प्रेषित किया जायेगा।

- परिसर आबंटन के उपरान्त आवेदकों का परामर्शन भौतिक/ऑनलाईन माध्यम से परिसर स्तर पर किया जाएगा।

- परिसर आबंटन के उपरान्त परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित छात्रों क अभिलेखों के सफल सत्यापन के पश्चात प्रवेश समिति की अनुशंसा पर **स्थायी प्रवेश** एवं ऑन-लाईन के माध्यम से अभिलेखों के सफल सत्यापन कराने वाले छात्रों को स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर **अस्थायी प्रवेश** दिया जायेगा। जिन छात्रों को **अस्थायी प्रवेश** प्रदान किया जायगा। ऐसे छात्रों को शपथ पत्र देना होगा कि ''मैं............................. भौतिक रूप से आबंटित परिसर में मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होकर पुन: अभिलेखों का सत्यापन कराऊंगा/ कराऊंगी तथा किन्हीं कारणो से सत्यापन असफल होने पर मेरे द्वारा समर्पित शुल्क वापिस नहीं किया जाएगा।''

- परिसर के द्वारा अभिलेखों के सफल सत्यापन के पश्चात् प्रवेश शुल्क विश्वविद्यालय के नियमानुसार ऑनलाईन से तत्काल जमा करवाना होगा, अन्यथा प्रवेश स्वत: निरस्त माना जायेगा।

- ऑनलाईन के माध्यम से अभिलेखों के सफल सत्यापन के पश्चात् अस्थायी प्रवेश प्राप्त छात्रों का प्रवेश तभी स्थायी माना जायेगा जब सम्बन्धित छात्र भौतिक रूप से परिसर में समस्त मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर सत्यापन करायेगा।

- परिसर आबंटन के उपरान्त प्रवेश से सम्बन्धित जानकारी विश्वविद्यालय के website पर अपलोड की जाएगी।

- <u>विशेष सूचना</u>:-

1) उपरोक्त प्रवेश सम्बन्धित विवरण विश्वविद्यालय की बेव साइट के अतिरिक्त पोस्ट या अन्य किसी भी माध्यम से अलग से नहीं भेजी जाएगी।

2) परामर्श सम्बन्धित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु <u>sa.admission@csu.co.in/9402576340</u> सम्पर्क किया जा सकता है।

B. Biswal 01/11/20

(प्रो. बनमाली बिश्वाल)

अधिष्ठाता (शैक्षिकवृत्त)